श्री राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल

श्री राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल॥ ॥,
मन राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल॥
बरसाने की राधे प्यारी, गोकुल का है छोरा,
राधे नाम ने इन् दोनों को, प्रेम तान से जोड़ा ॥,
कान्हा जी की हर एक गलिआं, राधा नाम ही गाये,
गोकुल वाले कृष्ण का कोई, नाम न दूजा भाए ।
श्री राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल। -॥॥
राधे नाम है होटों पे तोह, खेले रास मुरारी,
मीठी धुन में मुरली बजा के, झूमे कुञ्ज बिहारी॥
राधे नाम की डोरी से , कन्हैया बंध से जाए,
उनके नाम के सुमिरन से कान्हा जी खुश हो जाएँ।
श्री राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल।॥॥
नाम जपें जो हर पल राधे, खुश होते गिरधारी,
इनके सुमिरन से काट जाती, पल मे विपदा सारी॥
चार दिनों का जीवन बन्दे, देखो बीत न जाए,
अब तो राधे सुमिरन करले, मौका बीत न जाए।
श्री राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल। ॥॥
भज राधे-राधे राधे-राधे राधे-राधे बोल।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1833/title/shri-radhe-radhe-radhe-radhe-radhe-radhe-bol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |